# हिंदी

## व्याकरण एवं रचना

1



SAMPLE

With the blessings of :
Our Parents

# हिंदी
## व्याकरण एवं रचना
1

**Copyright @ Publishers**

All rights reserved. No part of the publications may be reproduced, transmitted or distributed in any form or by any means without prior permission in written. Any person who does any unauthorised act in relation, Publications may be liable to criminal prosecution and civil claims for damages.

**Limits of liability and Disclaimer of Warranty:**
The Authors, Editors, Designers and the Publishers of this book have tried their best to ensure that all the texts are correct in all aspect. However, the authors and the publishers does not take any responsibility of any errors, if happened. The correction of errors, if found will duly be done in the next edition.

MADE IN INDIA



Support Recycle

Save a Tree
Save the Earth

One Ton of this Paper Saves 17 trees

Max Retail Price: On Back Cover

**Edited & Designed by:**
Editone International Pvt. Ltd.

**Based on:**

- National Education Policy 2020
- NCF 2022
- Activity Based Format
- Innovative Approach
- Learning with fun
- Eco-Friendly Paper

SAMPLE

# आमुख

भाषा को समझने हेतु व्याकरण एक मजबूत कड़ी है। बिना व्याकरण को समझे हम भाषा को सरल एवं स्पष्ट रूप से नहीं समझ सकते। इसी को ध्यान में रखते हुए हिंदी व्याकरण एवं रचना (कक्षा 1 से 8) तैयार की गई है।

इस श्रृंखला में नई शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख मापदंडों का बड़ी सटीकता से पालन किया गया है। नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित इस पुस्तक में व्याकरण की प्रमुख इकाइयों को बड़े ही सरल, सहज एवं रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। इस श्रृंखला में व्याकरण को चित्रों के माध्यम से बड़े ही सहज भाव से तैयार किया गया है ताकि बच्चों को व्याकरण की जटिलता का तनिक भी आभास न हो।

पाठ के प्रस्तुतीकरण में शामिल 'पढ़िए और समझिए' के द्वारा बच्चों को चित्रों के माध्यम से संपूर्ण अध्याय को सरल एवं सहज रूप से समझाने का प्रयास किया गया है ताकि बच्चों का पाठ से जुड़ाव आसानी से हो सके। पाठ में शामिल 'अध्यापन संकेत' हमारा एक छोटा-सा प्रयत्न है जिसके माध्यम से शिक्षक/शिक्षिका बच्चों के सर्वांगीण विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

पाठ में शामिल 'आइए, पुनरावृति करें' के माध्यम से सीखे गए बिंदुओं को दोहराया गया है। अभ्यास कार्य के अंतर्गत शामिल 'मौखिक' और 'लेखन कार्य' के द्वारा बच्चों के श्रवण कौशल, बौद्धिक क्षमता और लेखन-शैली पर विशेष ध्यान दिया गया है। साथ ही, 'सोचें-विचारें' के द्वारा बच्चों की रचनात्मक, कार्यात्मक एवं तार्किक क्षमता को निखारने की कोशिश की गई है। 'खेल-खेल में' बच्चों की प्रतिभा को उभारने का संकल्प लिया गया है। साथ ही उनकी मानसिक योग्यता को बल प्रदान करने का प्रयत्न किया गया है। 'प्रेरणादायक मूल्य' को संपूर्ण श्रृंखला में शामिल करने का मूल उद्देश्य बच्चों में नैतिक गुणों को प्रभावी स्वरूप प्रदान करना है।

हमें पूर्ण विश्वास है कि यह श्रृंखला बच्चों में भाषा को रचनात्मक स्वरूप प्रदान करेगी और उनके बौद्धिक व व्यवहार रूपी अधिगम क्षमता को बढ़ाएगी। आपके सुझावों की सदैव प्रतीक्षा रहेगी। शुभकामनाओं सहित.....

**–प्रकाशक**

SAMPLE

# पाठ्यपुस्तक का परिचय



अध्याय 1

## भाषा
(Language)

पढ़िए और समझिए

हम अपनी बात को बोलने के लिए तथा दूसरों की कही गई बात को समझने के लिए क्या करते हैं?

आइए, चित्र के द्वारा समझते

बच्चे आपस में बात करते हुए

नानी माँ बच्चों को कहानी सुनाती

ऊपर दिए गए चित्रों में कोई अपनी बात
है। ये सभी कार्य भाषा में शामिल हैं।

हिंदी व्याकरण एवं रचना-1

'पढ़िए और समझिए' के माध्यम से पाठ में अंतर्निहित बातों को सरल तरीके से चित्रों के माध्यम से समझाने का प्रयास किया गया है।



आइए, पुनरावृति करें

- अपने मन की बातों को दूसरों तक पहुँचाने और दूसरों की बातों को समझने का सबसे सरल माध्यम भाषा है।
- भाषा के दो रूप (भेद) होते हैं– मौखिक और लिखित।
- भाषा के चार कौशल में लिखना, बोलना, पढ़ना एवं सुनना शामिल हैं।

अभ्यास कार्य

मौखिक कार्य — Speaking Skills

दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।

(क) अपनी बातों को दूसरों तक पहुँचाने का सबसे सरल माध्यम क्या कहलाता है?

(ख) भाषा के दो रूप कौन-कौन से

लेखन कार्य

1. सही विकल्प के सामने (✓) व

(क) बोलना, सुनना, लिखना औ

☐ वर्ण विचार

☐ अक्षर

(ख) मौखिक भाषा का उदाहरण

☐ किताब ☐ पें

(ग) लिखित भाषा का उदाहरण

☐ मोबाइल फ़ोन ☐ कि

(घ) निम्न में से कौन-सी एक

☐ कंप्यूटर ☐ हिं

(ङ) चीं-चीं कौन करती है?

☐ कोयल ☐ क

हिंदी व्याकरण एवं रचना-1

'आइए, पुनरावृति करें' के द्वारा पाठ में सम्मिलित प्रमुख बातों, विचारों तथा तथ्यों को पुनः दोहराया गया है ताकि विद्यार्थी पाठ में सीखे गए बिंदुओं को कंठस्थ कर सकें।



## भाषा के दो रूप (भेद)

1. बोलना/सुनना

जब कोई अपनी बात कहता है, तब हम उसे सुनकर समझते हैं।



2. लिखना/पढ़ना

जब कोई अपनी बात लिखता है, तब हम उसे पढ़कर समझने का प्रयास करते हैं।

इस प्रकार भाषा के दो रूप (भेद) हैं–

भाषा
- मौखिक — जब हम दूसरों को अपनी बात बोलकर समझाते हैं।
- लिखित — जब हम अपनी बात को लिखकर समझाने का प्रयास करते हैं।

भाषा के चार कौशल में बोलना, लिखना, पढ़ना और सुनना शामिल हैं।

अध्यापन संकेत — शिक्षक/शिक्षिका कक्षा में छात्र/छात्राओं को भाषा के संबंध में विस्तारपूर्वक समझाएँ तथा पशु-पक्षियों की बोली को चित्रों के माध्यम से बताएँ।

10 — हिंदी व्याकरण एवं रचना-1

'अध्यापन संकेत' एक सम्मिलित प्रयास है जिससे शिक्षक, लेखक के द्वारा दी गई प्रमुख सूचनाओं को आधार बनाकर कक्षा में पठन-पाठन को विद्यार्थियों के लिए बेहतर बना सकें ताकि स्तरानुकूल पढ़ाई का एक मंच तैयार हो सके।

SAMPLE

'अभ्यास कार्य' के अंतर्गत शामिल प्रश्नों के महत्वपूर्ण समुच्चय के द्वारा विद्यार्थियों में महत्वपूर्ण कौशलों के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता को भी प्रभावी रूप देने का प्रयास किया गया है।

## अभ्यास कार्य

### मौखिक कार्य
Speaking Skills

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) मात्राएँ किन पर लगती हैं?

(ख) स्वरों को बोलकर बताइए।

### लेखन कार्य
Writing Skills

**1. दिए गए शब्दों को पढ़िए और सुंदर अक्षरों में लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| माला | .................... | सुराही | .................... | मैला | .................... |
| ताला | .................... | चुहिया | .................... | थैला | .................... |
| | | | | तोता | .................... |
| | | | | सोना | .................... |
| | | | | चौड़ा | .................... |
| | | | | मौसा | .................... |

...मने ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।

...है।

...वर्ण ☐ भाषा

...या जाता है।

...स्वरों ☐ ध्वनियों

...होती।

...ङ ☐ ऐ

...है।

...ि ☐ ौ



**3. दिए गए वर्णों से शुरू होने वाले दो-दो शब्द लिखिए।**

(क) अ — अनार — अख़बार

(ख) उ .................... ....................

(ग) ऐ .................... ....................

(घ) च .................... ....................

(ङ) ख .................... ....................

### सोचे-विचारें
Critical Thinking

**4. अपना नाम लिखिए तथा उसी वर्ण से शुरू होने वाले चार अन्य नाम लिखिए।**

मेरा नाम ....................

अन्य नाम- 1. .................... 2. ....................

3. .................... 4. ....................

### खेल-खेल में
Brain Storming Activity

**5. 'क' से 'ज्ञ' तक के व्यंजनों को पेंसिल से जोड़ते हुए चित्र को पूरा कीजिए और रंग भरिए।**




### प्रेरणादायक मूल्य

जिस प्रकार वर्णों के मिलने से वर्णमाला बनती है, क्यों न हम सब भी मिलकर रहें और खुशियाँ बाँटें।



'प्रेरणादायक मूल्य' के द्वारा बच्चों में नैतिक गुणों के प्रसार का प्रयास किया गया है ताकि बच्चे उन मूल्यों को अपनाकर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें।

SAMPLE

# अनुक्रमणिका


| क्रम.सं. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | भाषा (Language) | 7 |
| 2. | वर्ण एवं वर्णमाला (Alphabet) | 13 |
| 3. | स्वरों की मात्राएँ (Symbols of Vowels) | 17 |
| 4. | शब्द और वाक्य (Words and Sentences) | 22 |
| 5. | नाम वाले शब्द (संज्ञा) (Noun) | 27 |
| 6. | लड़का-लड़की (लिंग) (Gender) | 31 |
| 7. | एक-अनेक (वचन) (Number) | 35 |
| 8. | सबके नाम (सर्वनाम) (Pronoun) | 40 |
| 9. | विशेषता बताने वाले शब्द (विशेषण)(Adjective) | 43 |
| 10. | आओ, कुछ काम करें (क्रिया) (Verb) | 47 |
| 11. | समान अर्थ वाले शब्द (पर्यायवाची) (Synonyms) | 50 |
| 12. | उल्टे अर्थ वाले शब्द (विलोम) (Antonyms) | 55 |
| | गिनती सीखें (केवल पठन हेतु) | 60 |
| 13. | चित्र-वर्णन (Picture-Description) | 62 |
| | पहेलियाँ (केवल पठन हेतु) | 65 |
| 14. | कहानी-लेखन (Story Writing) | 66 |
| | स्वमूल्यांकन पत्र-1 | 69 |
| | स्वमूल्यांकन पत्र-2 | 71 |


SAMPLE



अध्याय 1

# भाषा
## (Language)

**पढ़िए और समझिए**

हम अपनी बात को बोलने के लिए तथा दूसरों की कही गई बात को समझने के लिए क्या करते हैं?

आइए, चित्र के द्वारा समझते हैं–



बच्चे आपस में **बात** करते हुए




अध्यापिका **लिखकर** पढ़ाती हुई



नानी माँ बच्चों को **कहानी** सुनाती हुई



दादा जी समाचार-पत्र **पढ़ते** हुए

ऊपर दिए गए चित्रों में कोई अपनी बात **कह** रहा है, कोई **सुन** रहा है, कोई **पढ़** रहा है, तो कोई **लिख** रहा है। ये सभी कार्य **भाषा** में शामिल हैं।

# अलग-अलग बोलें सब बोली

भारत में जितनी तरह के लोग हैं, उतनी ही भाषाएँ भी बोली जाती हैं। लोगों की तरह पशु-पक्षी भी अपनी बातों को बोलकर एक-दूसरे को समझाते हैं, जिसे **बोली** कहा जाता है।




खौ-खौ
बर्र-बर्र
चिंघाड़ना
भौं-भौं
म्याऊँ-म्याऊँ
में-में
घुर्र-घुर्र

# भाषा के दो रूप ( भेद )

## 1. बोलना/सुनना

जब कोई अपनी बात कहता है, तब हम उसे **सुनकर** समझते हैं।







## 2. लिखना/पढ़ना

जब कोई अपनी बात लिखता है, तब हम उसे **पढ़कर** समझने का प्रयास करते हैं।

इस प्रकार भाषा के दो रूप (भेद) हैं–

**भाषा**

| मौखिक | लिखित |
| --- | --- |
| जब हम दूसरों को अपनी बात **बोलकर** समझाते हैं। | जब हम अपनी बात को **लिखकर** समझाने का प्रयास करते हैं। |





**भाषा के चार कौशल में बोलना, लिखना, पढ़ना और सुनना शामिल हैं।**

**अध्यापन संकेत** शिक्षक/शिक्षिका कक्षा में छात्र/छात्राओं को भाषा के संबंध में विस्तारपूर्वक समझाएँ तथा पशु-पक्षियों की बोली को चित्रों के माध्यम से बताएँ।

SAMPLE

## आइए, पुनरावृति करें

- अपने मन की बातों को दूसरों तक पहुँचाने और दूसरों की बातों को समझने का सबसे सरल माध्यम **भाषा** है।
- भाषा के दो रूप (भेद) होते हैं– मौखिक और लिखित।
- भाषा के चार कौशल में लिखना, बोलना, पढ़ना एवं सुनना शामिल हैं।

## अभ्यास कार्य

### मौखिक कार्य

Speaking Skills

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) अपनी बातों को दूसरों तक पहुँचाने का सबसे सरल माध्यम क्या कहलाता है?

(ख) भाषा के दो रूप कौन-कौन से हैं?

### लेखन कार्य

Writing Skills

**1. सही विकल्प के सामने ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

(क) बोलना, सुनना, लिखना और पढ़ना क्या है?

☐ वर्ण विचार ☐ भाषा का माध्यम

☐ अक्षर ☐ शब्द ज्ञान

(ख) मौखिक भाषा का उदाहरण कौन-सा है?

☐ किताब ☐ पेंसिल ☐ मोबाइल ☐ कलम

(ग) लिखित भाषा का उदाहरण बताएँ।

☐ मोबाइल फ़ोन ☐ किताब ☐ टी.व्ही. ☐ रेडियो

(घ) निम्न में से कौन-सी एक भाषा है?

☐ कंप्यूटर ☐ हिंदी ☐ मोबाइल ☐ कैलकुलेटर

(ङ) चीं-चीं कौन करती है?

☐ कोयल ☐ कौआ ☐ चिड़िया ☐ तोता

SAMPLE







## 2. दिए गए वाक्यों के सामने भाषा के कौशल को लिखिए।

(क) शिक्षिका ने पाठ पढ़ाया। ..................................

(ख) पाठ समझ में आया। ..................................

(ग) अध्यापक ने मेरी उत्तर पुस्तिका में 'शाबाश' लिखा। ..................................

(घ) मैंने पिता जी को बताया। ..................................

## 3. दिए गए चित्रों में भाषा के किस माध्यम का प्रयोग किया जा रहा है? लिखिए।



..................................



..................................



..................................



..................................



..................................



..................................

### सोचें-विचारें

Critical Thinking

4. आप अपने विद्यालय में किस तरह की भाषा को बोलते और सुनते हैं? विचार कीजिए।

### खेल-खेल में

Brain Storming Activity

5. आपके परिवार के लोग कौन-सी भाषा बोलते हैं? उनसे पूछिए और कक्षा में अपने मित्रों के साथ चर्चा कीजिए।

### प्रेरणादायक मूल्य

भारत की राजभाषा 'हिंदी' है। हमें हिंदी के साथ-साथ अन्य भाषाओं का भी सम्मान करना चाहिए।

SAMPLE




# वर्ण एवं वर्णमाला
## (Alphabet)

### पढ़िए और समझिए

बच्चों! दिए गए चित्रों को पहचानकर इनके नाम बोलिए। इनके नाम की पहली आवाज़ को नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में लिखिए।






ख.......................... .......................... .......................... ..........................

आपने जाना कि सभी आवाज़ें अलग–अलग हैं। इन्हीं आवाज़ों को जब हम लिखते हैं, तो उन्हें वर्ण कहते हैं; जैसे– 'कमल' शब्द बोलते समय क+म+ल की आवाज़ (ध्वनि) निकलती है।

> बोलते समय मुँह से निकलने वाली सबसे छोटी आवाज़ (ध्वनि) को वर्ण या अक्षर कहते हैं।

### वर्णों के प्रकार

वर्ण दो प्रकार के होते हैं–

**स्वर**

स्वर संख्या में 11 होते हैं।

**व्यंजन**

व्यंजन संख्या में 33 होते हैं। कुछ अन्य व्यंजन भी होते हैं।




SAMPLE

# वर्णमाला

इसमें स्वर और व्यंजन आते हैं।

## स्वर




अन्य चिह्न अं (अनुस्वार बिंदु) अः (विसर्ग) अँ (चंद्रबिंदु)

अं (अनुस्वार) तथा अः (विसर्ग) को अयोगवाह कहा जाता है।

## व्यंजन




## संयुक्त व्यंजन




## अन्य व्यंजन

ड़ ढ़

**अध्यापन संकेत** शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को वर्ण तथा वर्णमाला कंठस्थ कराएँ साथ ही विभिन्न युक्तियों का प्रयोग कर बच्चों को वर्णों की पहचान करवाएँ।



SAMPLE

## आइए, पुनरावृति करें

- भाषा की सबसे छोटी इकाई को वर्ण कहते हैं।
- वर्ण के दो भेद होते हैं–1. स्वर 2. व्यंजन।

# अभ्यास कार्य

### मौखिक कार्य

Speaking Skills

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) वर्ण किसे कहते हैं?

(ख) वर्णमाला में कुल कितने स्वर होते हैं?

### लेखन कार्य

Writing Skills

**1. स्वरों की रेलगाड़ी में छूटे हुए स्वर लिखकर पूरा कीजिए।**




**2. दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही विकल्प के सामने ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

(क) ध्वनि के लिखित रूप को क्या कहते हैं?

- ☐ शब्द
- ☐ वर्ण
- ☐ भाषा
- ☐ वाक्य

(ख) हिंदी में स्वरों की संख्या कितनी होती है?

- ☐ 11
- ☐ 18
- ☐ 40
- ☐ 33

(ग) हिंदी में संयुक्त व्यंजनों की संख्या कितनी होती है?

- ☐ 15
- ☐ 11
- ☐ 4
- ☐ 52

SAMPLE

**3. दिए गए वर्णों से शुरू होने वाले दो-दो शब्द लिखिए।**

(क) अ  अनार  अख़बार

(ख) उ ................................ ................................

(ग) ऐ ................................ ................................

(घ) च ................................ ................................

(ङ) ख ................................ ................................

**सोचें-विचारें** Critical Thinking

**4. अपना नाम लिखिए तथा उसी वर्ण से शुरू होने वाले चार अन्य नाम लिखिए।**

मेरा नाम ..................................................................................................

अन्य नाम- 1. ........................................ 2. ........................................

3. ........................................ 4. ........................................

**खेल-खेल में** Brain Storming Activity

**5. 'क' से 'ज्ञ' तक के व्यजंनों को पेंसिल से जोड़ते हुए चित्र को पूरा कीजिए और रंग भरिए।**




**प्रेरणादायक मूल्य**

जिस प्रकार वर्णों के मिलने से वर्णमाला बनती है, क्यों न हम सब भी मिलकर रहें और खुशियाँ बाँटें।



SAMPLE



अध्याय 3

# स्वरों की मात्राएँ
# (Symbols of Vowels)

## पढ़िए और समझिए

बच्चों! पिछले अध्याय में हमने 11 स्वरों के बारे में पढ़ा। आइए, इन स्वरों को बोलकर पढ़ें– अ–आ, इ–ई, उ–ऊ, ऋ, ए–ऐ, ओ–औ। आपने जाना कि सभी स्वरों की आवाज़ अलग–अलग होती है। जब स्वर बाकी वर्णों के साथ मिल जाते हैं, तो उनकी आवाज़ भी बदल जाती है; जैसे– वर्ण 'म' के साथ सभी स्वरों को मिलाकर देखते हैं–

| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ऋ | ए | ऐ | ओ | औ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| – | ा | ि | ी | ु | ू | ृ | े | ै | ो | ौ |
| म | मा | मि | मी | मु | मू | मृ | मे | मै | मो | मौ |

**उदाहरण–**



**क् + इ + त् + आ + ब् + अ = किताब**

'किताब' शब्द तीन व्यंजन (क्, त्, ब्) और तीन स्वर (इ, आ, अ) के मेल से बना है। जब इ, आ, अ स्वरों को क्, त्, ब् व्यंजनों से जोड़ा गया, तो वे 'ि' और 'ा' के रूप में जुड़ गए।

**ध्यान दें–** 'अ' की कोई मात्रा नहीं होती। यह हर व्यंजन में मिला होता है।

SAMPLE







प्रत्येक स्वर की मात्राएँ होती हैं। जिसके लिए अलग-अलग चिह्न हैं।

## मात्राओं का प्रयोग

| स्वर | मात्रा | शब्द | | |
|---|---|---|---|---|
| अ | (कोई मात्रा नहीं) | कल | नल | चल |
| आ | ( ा ) | चाल | काल | बाल |
| इ | ( ि ) | खिल | हिल | मिल |
| ई | ( ी ) | तीन | बीन | दीन |
| उ | ( ु ) | कुल | पुल | बुन |
| ऊ | ( ू ) | शूल | धूल | भूल |
| ऋ | ( ृ ) | मृग | कृषक | गृह |
| ए | ( े ) | रेल | खेल | मेल |
| ऐ | ( ै ) | थैला | कैसा | पैसा |
| ओ | ( ो ) | मोर | चोर | शोर |
| औ | ( ौ ) | कौन | मौन | चौक |

## कुछ अन्य चिह्न–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अं | ( ं ) | अंगूर | कंगन | जंगल |
| अः | ( ः ) | प्रातः | पुनः | अतः |
| अँ | ( ँ ) | चाँद | बूँद | आँख |

### आइए, पुनरावृति करें

- स्वर, व्यंजनों के साथ मात्रा के रूप में जुड़ते हैं।
- प्रत्येक स्वर की एक मात्रा होती है।
- 'अ' की कोई मात्रा नहीं होती है।

**अध्यापन संकेत** शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को स्वरों की मात्राओं का अभ्यास करवाएँ।







SAMPLE

# बारह खड़ी

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | का | कि | की | कु | कू | के | कै | को | कौ | कं | कः |
| ख | खा | खि | खी | खु | खू | खे | खै | खो | खौ | खं | खः |
| ग | गा | गि | गी | गु | गू | गे | गै | गो | गौ | गं | गः |
| घ | घा | घि | घी | घु | घू | घे | घै | घो | घौ | घं | घः |
| च | चा | चि | ची | चु | चू | चे | चै | चो | चौ | चं | चः |
| छ | छा | छि | छी | छु | छू | छे | छै | छो | छौ | छं | छः |
| ज | जा | जि | जी | जु | जू | जे | जै | जो | जौ | जं | जः |
| झ | झा | झि | झी | झु | झू | झे | झै | झो | झौ | झं | झः |
| ट | टा | टि | टी | टु | टू | टे | टै | टो | टौ | टं | टः |
| ठ | ठा | ठि | ठी | ठु | ठू | ठे | ठै | ठो | ठौ | ठं | ठः |
| ड | डा | डि | डी | डु | डू | डे | डै | डो | डौ | डं | डः |
| ढ | ढा | ढि | ढी | ढु | ढू | ढे | ढै | ढो | ढौ | ढं | ढः |
| त | ता | ति | ती | तु | तू | ते | तै | तो | तौ | तं | तः |
| थ | था | थि | थी | थु | थू | थे | थै | थो | थौ | थं | थः |
| द | दा | दि | दी | दु | दू | दे | दै | दो | दौ | दं | दः |
| ध | धा | धि | धी | धु | धू | धे | धै | धो | धौ | धं | धः |
| न | ना | नि | नी | नु | नू | ने | नै | नो | नौ | नं | नः |
| प | पा | पि | पी | पु | पू | पे | पै | पो | पौ | पं | पः |
| फ | फा | फि | फी | फु | फू | फे | फै | फो | फौ | फं | फः |
| ब | बा | बि | बी | बु | बू | बे | बै | बो | बौ | बं | बः |
| भ | भा | भि | भी | भु | भू | भे | भै | भो | भौ | भं | भः |
| म | मा | मि | मी | मु | मू | मे | मै | मो | मौ | मं | मः |
| य | या | यि | यी | यु | यू | ये | यै | यो | यौ | यं | यः |
| र | रा | रि | री | रु | रू | रे | रै | रो | रौ | रं | रः |
| ल | ला | लि | ली | लु | लू | ले | लै | लो | लौ | लं | लः |
| व | वा | वि | वी | वु | वू | वे | वै | वो | वौ | वं | वः |
| श | शा | शि | शी | शु | शू | शे | शै | शो | शौ | शं | शः |
| ष | षा | षि | षी | षु | षू | षे | षै | षो | षौ | षं | षः |
| स | सा | सि | सी | सु | सू | से | सै | सो | सौ | सं | सः |
| ह | हा | हि | ही | हु | हू | हे | है | हो | हौ | हं | हः |
| क्ष | क्षा | क्षि | क्षी | क्षु | क्षू | क्षे | क्षै | क्षो | क्षौ | क्षं | क्षः |
| त्र | त्रा | त्रि | त्री | त्रु | त्रू | त्रे | त्रै | त्रो | त्रौ | त्रं | त्रः |
| ज्ञ | ज्ञा | ज्ञि | ज्ञी | ज्ञु | ज्ञू | ज्ञे | ज्ञै | ज्ञो | ज्ञौ | ज्ञं | ज्ञः |

SAMPLE









# अभ्यास कार्य

## मौखिक कार्य

Speaking Skills

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) मात्राएँ किन पर लगती हैं?

(ख) स्वरों को बोलकर बताइए।

## लेखन कार्य

Writing Skills

**1. दिए गए शब्दों को पढ़िए और सुंदर अक्षरों में लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| माला | .......................... | सुराही | .......................... | मैला | .......................... |
| ताला | .......................... | चुहिया | .......................... | थैला | .......................... |
| तिल | .......................... | पूजा | .......................... | तोता | .......................... |
| मिल | .......................... | सूरज | .......................... | सोना | .......................... |
| तीली | .......................... | तेल | .......................... | चौड़ा | .......................... |
| गीली | .......................... | खेल | .......................... | मौसा | .......................... |

**2. दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही विकल्प के सामने ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

(क) प्रत्येक .......................... की एक मात्रा होती है।

☐ व्यंजन ☐ स्वर ☐ वर्ण ☐ भाषा

(ख) मात्राओं को .......................... के साथ लगाया जाता है।

☐ व्यंजनों ☐ वर्णों ☐ स्वरों ☐ ध्वनियों

(ग) .......................... वर्ण की कोई मात्रा नहीं होती।

☐ आ ☐ अ ☐ ङ ☐ ऐ

(घ) 'औ' स्वर की मात्रा .......................... होती है।

☐ ो ☐ ी ☐ ि ☐ ौ

SAMPLE







**3. चित्रों को देखकर दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर मात्रा लगाइए।**

     


.......हरन  मछल.......  गल.......ब  अमर.......द  ह.......थ  ... सक्क.......

**4. बिंदु ( ं ) या चंद्रबिंदु ( ँ ) लगाकर चित्रों के नामों को पूरा कीजिए।**

 – आख

 – दात

 – बदर

 – कघा

**सोचें-विचारें**

Critical Thinking

**5.** 

चित्र के अनुसार अपनी नाक बंद करके इन शब्दों का उच्चारण करने का प्रयत्न कीजिए; जैसे- बंदर, चाँद, दाँत, साँप, माँ, घंटी। आपने जो अनुभव किया, कक्षा में अपने शिक्षक/शिक्षिका को बताएँ।

**खेल-खेल में**

Brain Storming Activity

**6. आपके नाम में कौन-सी मात्राएँ लगी हैं? लिखिए।**

जैसे– 'सुरेश' में 'उ' की मात्रा ( ु ), र में ए ( े ) की मात्राएँ लगी हैं।

आपका नाम ........................ ........................ मात्राएँ– ......................................

**प्रेरणादायक मूल्य**

हमें निरंतर अभ्यास करना चाहिए क्योंकि "अभ्यास ही सफलता की कुंजी है।"

SAMPLE



 




# शब्द और वाक्य
## (Words and Sentences)

**पढ़िए और समझिए**





**क + ल + श = कलश** **उ + प + व + न = उपवन**

बच्चों! जब हम क+ल+श तथा उ+प+व+न को अलग-अलग बोलते हैं, तब इन्हें हम **वर्ण** कहते हैं। परंतु जब इन्हें मिलाकर **कलश** और **उपवन** बोलते हैं, तब यह **शब्द** कहलाते हैं।

### शब्द

- वर्णमाला के वर्ण मिलकर शब्द बनाते हैं।
- प्रत्येक शब्द का एक अर्थ होता है।
- वर्णों के जिस समूह का अर्थ नहीं होता, वह शब्द नहीं होता।

**उदाहरण–**

| वर्ण | | शब्द | | शब्द नहीं |
|---|---|---|---|---|
| क + ल + श | = | कलश |  | शकल |
| उ + प + व + न | = | उपवन |  | पउनव |

SAMPLE







श + ल + ग + म = शलगम  गलशम

म + ट + र = मटर  टमर

थ + र + म + स = थरमस  मथरस

वर्णों के सार्थक समूह को **शब्द** कहते हैं।

## वाक्य

बच्चों! जिस प्रकार वर्णों के उचित क्रम से 'शब्द' बनते हैं, उसी प्रकार शब्दों के उचित क्रम से वाक्य बनते हैं।

**उदाहरण–**

शब्द– मैं, हूँ, खेलता



वाक्य– मैं खेलता हूँ।

शब्द– है, रही, नाच, लड़की



वाक्य– लड़की नाच रही है।

शब्दों के उचित क्रम को **वाक्य** कहते हैं।

### आइए, पुनरावृति करें

- वर्णमाला के वर्ण मिलकर 'शब्द' बनाते हैं।
- शब्दों के उचित मेल से वाक्य बनते हैं।
- प्रत्येक शब्द और वाक्य का अर्थ होना आवश्यक है।

**अध्यापन संकेत** शिक्षक/शिक्षिका कक्षा में बच्चों को शब्द और वाक्य समझाते हुए शब्दों से वाक्य रचना की प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक समझाएँ।

SAMPLE

# अभ्यास कार्य

## मौखिक कार्य

Speaking Skills

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) वर्णों का उचित क्रम क्या कहलाता है?

(ख) क्या प्रत्येक शब्द का अर्थ होना आवश्यक है?

(ग) शब्दों के उचित मेल से क्या बनता है?

## लेखन कार्य

Writing Skills

**1. चित्र देखकर दिए गए वर्णों को उचित क्रम में लगाते हुए शब्द बनाइए।**

| | वर्ण | उचित क्रम | शब्द |
|---|---|---|---|
| (क)  | ल + म + क | ........................ | ........................ |
| (ख)  | कि + त + या | ........................ | ........................ |
| (ग)  | सा + त + ब + र | ........................ | ........................ |
| (घ)  | ख + बू + जा + र | ........................ | ........................ |

**2. दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही विकल्प के सामने ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

(क) 'शब्द' और 'वाक्य' का क्या होना आवश्यक है?

☐ अर्थ ☐ छोटा ☐ बड़ा ☐ नया

SAMPLE

(ख) 'मगरमच्छ' शब्द के लिए वर्णों का सही मेल चुनिए।

- ☐ ग+त+म+छ+म
- ☐ म+र+ग+छ+म
- ☐ म+ग+र+म+च्+छ
- ☐ म+ग+र+छ+म

(ग) दिए गए वाक्यों में सही वाक्य चुनिए।

- ☐ पढ़ता हूँ मैं
- ☐ बोलो सदा सच
- ☐ एकता में शक्ति है
- ☐ खाता हूँ मैं खाना

## 3. शब्दों के उचित क्रम से वाक्य बनाइए।

(क) करती है म्याऊँ-म्याऊँ बिल्ली।

..............................................................................................

(ख) नाच लड़की रही है।

..............................................................................................

(ग) लगता है खेलना अच्छा मुझे।

..............................................................................................

(घ) रही हैं बुला मम्मी।

..............................................................................................

(ङ) जाता मैं हूँ स्कूल।

..............................................................................................

## 4. दिए गए शब्द समूहों में से सार्थक मेल वाले शब्द पर ( ○ ) लगाइए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | मलशम | शमगल | शलगम | लशमग |
| (ख) | कसरत | फुरसत | मलमल | शलझल |
| (ग) | गुलाब | मजम | गरम | धरम |
| (घ) | ड़ियाचि | याचिड़ि | चियाड़ि | चिड़िया |

## 5. उचित शब्दों का प्रयोग कर वाक्यों को पूरा कीजिए।

होशियार    घर    गोल    मीठा

(क) राम .......................... जा रहा है।

SAMPLE









(ख) रमेश एक ........................ लड़का है।

(ग) तरबूज ........................ होता है।

(घ) पृथ्वी ........................ है।

## सोचें-विचारें

Critical Thinking

6. पशु और पक्षियों की आवाज़ों को क्या कहते हैं? वह अपनी बात दूसरों तक कैसे पहुँचाते हैं? अपने आसपास रहने वाले कुछ पशु-पक्षियों की आवाज़ें सुनिए और समझने का प्रयत्न कीजिए।

## खेल-खेल में

Brain Storming Activity

**7. मोटू और पतलू रेलगाड़ी से दिल्ली जा रहे हैं। मगर गलती से मोटू पीछे वाले डिब्बे में चढ़ गया है और पतलू आगे वाले डिब्बे में चढ़ गया है। शब्द के अंतिम अक्षर से नया शब्द बनाइए तथा मोटू को आगे बढ़ाते हुए अपने मित्र पतलू से मिलाइए।**




## प्रेरणादायक मूल्य

जिस प्रकार वर्णों के सार्थक समूह से 'शब्द', और शब्दों के सही मेल से 'वाक्य' का निर्माण होता है ठीक उसी प्रकार मनुष्यों के सही मेल से 'सुंदर जीवन' का निर्माण होता है।

SAMPLE




# नाम वाले शब्द ( संज्ञा )
## (Noun)

### पढ़िए और समझिए




बच्चों! ऊपर दिए गए चित्र में आपको क्या-क्या दिखाई दे रहा है? इन सभी वस्तुओं की एक सूची बनाइए-

* पार्क   * ....................   * ....................
* झूला   * ....................   * ....................
* ....................   * ....................   * ....................
* ....................   * ....................   * ....................

अपनी सूची में आपने जितनी भी वस्तुओं या प्राणियों के नाम लिखे हैं, इनके नाम बताने वाले शब्दों को संज्ञा कहते हैं। दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति, वस्तु या प्राणी का कोई-न-कोई नाम अवश्य होता है। ये नाम ही सबकी पहचान होते हैं।

**नाम वाले सभी शब्दों को संज्ञा कहते हैं।**

SAMPLE







उसी तरह व्यक्तियों, वस्तुओं, जानवरों, स्थानों, शहरों, देशों आदि के भी नाम होते हैं; जैसे–

## व्यक्तियों के नाम–



सचिन तेंदुलकर


लता मंगेशकर


पी.वी. सिंधु


कल्पना चावला


नरेंद्र मोदी

## जीव-जंतुओं के नाम–


मक्खी


तितली


कुत्ता


गाय


चूहा

## वस्तुओं के नाम–


पुस्तक


बिस्तर


झूला


टी.वी.


कुरसी

## स्थानों के नाम–



पाठशाला


उपवन


मंदिर


पहाड़


जंगल

**अध्यापन संकेत** शिक्षक/शिक्षिका कक्षा में बच्चों को विभिन्न प्रकार के उदाहरण द्वारा संज्ञा शब्द के बारे में समझाएँ।

SAMPLE

## मन के भावों के नाम–


क्रोध


रोना


ममता


हँसना


प्यार

इसी प्रकार फलों के नाम, फूलों के नाम, खेलों के नाम, त्योहारों आदि के नाम भी होते हैं। ये सभी नाम वाले शब्द **संज्ञा** कहलाते हैं।

### आइए, पुनरावृति करें

- दुनिया में सभी का कोई–न–कोई नाम अवश्य होता है।
- सभी नाम वाले शब्दों को संज्ञा कहते हैं।

## अभ्यास कार्य

### मौखिक कार्य

Speaking Skills

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) व्यक्ति अपना परिचय देते समय सबसे पहले क्या बताता है?

(ख) नाम वाले शब्दों को क्या कहते हैं?

### लेखन कार्य

Writing Skills

**1. दिए गए शब्द संकेतों के अनुसार दो-दो नाम वाले शब्द लिखिए।**

(क) दो वस्तुओं के नाम ........................ ........................

(ख) दो जानवरों के नाम ........................ ........................

(ग) दो स्थानों के नाम ........................ ........................

(घ) दो पक्षियों के नाम ........................ ........................

SAMPLE

## 2. नाम वाले शब्दों पर ( ○ ) गोला लगाइए।

(क) संजय फुटबॉल खेल रहा है।

(ख) तोता मिर्च खाता है।

(ग) मैं किताब पढ़ रहा हूँ।

(घ) मेरी माँ मुझे बहुत प्यार करती हैं।



## सोचें-विचारें

Critical Thinking

3. यदि आपको अपना नाम बदलना पड़े तो आप कौन-सा नाम रखेंगे? अपने लिए एक दूसरा नाम सोचकर देखिए।

## खेल-खेल में

Brain Storming Activity

## 4. अपने बारे में जानिए।

आपका नाम ........................................

आपके पिता जी का नाम ........................................

आपकी माता जी का नाम ........................................

आपके प्रिय मित्र का नाम ........................................

आपका मनपसंद फल और सब्ज़ी ........................................

आपका मनपसंद खिलौना ........................................

आपका मनपसंद खेल ........................................

आपका मनपसंद खाना ........................................

### प्रेरणादायक मूल्य

मनुष्य की पहचान नाम से होती है और नाम को बड़ा बनाने में काम महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।






# लड़का-लड़की ( लिंग )
## (Gender)

**पढ़िए और समझिए**




बच्चों! आज हम लड़का और लड़की की पहचान वाले शब्दों के विषय में पढ़ेंगे। शब्द के जिस रूप से यह पता चले कि वह लड़का (पुरुष) जाति के लिए है या लड़की (स्त्री) जाति के लिए, उसे लिंग कहते हैं।

### लिंग के प्रकार

हिंदी में लिंग दो प्रकार के होते हैं- पुल्लिंग (लड़का) और स्त्रीलिंग (लड़की)

**1. पुल्लिंग ( लड़का )**

'लड़का' शब्द से पता चलता है कि वह पुरुष जाति का है। अतः ऐसे शब्दों को **पुल्लिंग** कहते हैं।


राजा


शेर


पिता


अध्यापक


घोड़ा


भाई


मुर्गा


दादा


बकरा


मोर









SAMPLE

## 2. स्त्रीलिंग ( लड़की )

लड़की शब्द से पता चलता है कि वह स्त्री जाति के लिए है। अतः ऐसे शब्दों को स्त्रीलिंग कहते हैं।


माँ


रानी


घोड़ी


अध्यापिका


शेरनी


बहन


मुर्गी


मोरनी


बकरी


दादी

### आइए, पुनरावृति करें

- स्त्री या लड़की को बताने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं।
- पुरुष या लड़का को बताने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते हैं।

## अभ्यास कार्य

### मौखिक कार्य

Speaking Skills

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) आपके पिता जी और भाई किस लिंग में आते हैं?

(ख) आपकी माता जी और बहन किस लिंग के उदाहरण में शामिल हैं?

**अध्यापन संकेत** शिक्षक/शिक्षिका कक्षा में बच्चों को उदाहरण के द्वारा लिंग को समझाएँ।

SAMPLE

## लेखन कार्य

### 1. चित्रों को पहचानकर लिंग लिखिए।






.......................... .......................... .......................... ..........................






.......................... .......................... .......................... ..........................

### 2. दिए गए विकल्पों में से पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्द छाँटकर लिखिए।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पुरुष | माँ | भाई | नानी | मोरनी | घोड़ा | चूहा |
| घोड़ी | हाथी | अध्यापिका | नौकर | रानी | | |

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|
| .......................... | .......................... | .......................... | .......................... |
| .......................... | .......................... | .......................... | .......................... |
| .......................... | .......................... | .......................... | .......................... |

SAMPLE









## 3. सही मिलान कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| (क) नानी | | (i) रमेश |
| (ख) दादा | स्त्रीलिंग | (ii) रेशम |
| (ग) बुआ | | (iii) सेब |
| (घ) फूफा | पुल्लिंग | (iv) राहुल |
| (ङ) मौसी | | (v) रीता |

### सोचें-विचारें
Critical Thinking

**4.** क्या फलों और सब्ज़ियों में भी स्त्रीलिंग-पुल्लिंग शब्द होते हैं? जैसे–
आम, केला, आलू, लड़का शब्द हैं। मौसमी, भिंडी, लौकी, लड़की शब्द हैं।
**ऐसे कुछ और नाम सोचकर सूची बनाइए।**

### खेल-खेल में
Brain Storming Activity

## 5. आपके परिवार में कौन-कौन 'पुरुष' और 'स्त्री' हैं? नीचे लिखिए।

| पुरुष | स्त्री |
|---|---|
| ............................ | ............................ |
| ............................ | ............................ |
| ............................ | ............................ |

### प्रेरणादायक मूल्य

समाज में स्त्री हो या पुरुष सभी एक समान हैं और सभी को समाज के लोगों द्वारा समग्र रूप से सम्मान मिलना चाहिए।









SAMPLE




# एक-अनेक (वचन)
## (Number)

**पढ़िए और समझिए**

   

एक चिड़िया – अनेक चिड़ियाँ    एक केला – अनेक केले

   

एक पुस्तक – अनेक पुस्तकें    एक लड़का – अनेक लड़के

बच्चों! आपने पढ़ा और देखा कि कोई वस्तु कई बार 'एक' होती है, तो कई बार 'अनेक'। शब्द के इसी रूप को **वचन** कहते हैं। अत:

शब्द के जिस रूप से उसकी संख्या या गिनती का पता चले, उसे **वचन** कहते हैं।

वचन दो प्रकार के होते हैं–

**वचन**

**एकवचन**     **बहुवचन** 





**एकवचन–** जिन शब्दों से एक वस्तु या एक प्राणी का पता चले, उसे **एकवचन** कहते हैं; जैसे–  पेंसिल।

**अनेक–** जिन शब्दों से एक से अधिक वस्तुओं या प्राणियों का पता चले, उसे **बहुवचन** कहते हैं; जैसे–  पेंसिलें।

## एक से अनेक बनाना

| एक | | अनेक |
|---|---|---|
| बच्चा | – | बच्चे |
| चाबी | – | चाबियाँ |
| किताब | – | किताबें |
| माता | – | माताएँ |
| लड़की | – | लड़कियाँ |
| जूता | – | जूते |
| पौधा | – | पौधे |

| एक | | अनेक |
|---|---|---|
| बस्ता | – | बस्ते |
| राखी | – | राखियाँ |
| घोड़ा | – | घोड़े |
| तोता | – | तोते |
| कपड़ा | – | कपड़े |
| आँख | – | आँखें |
| नदी | – | नदियाँ |

### आइए, पुनरावृत्ति करें

- शब्द के जिस रूप से उसकी संख्या या गिनती का पता चले, उसे वचन कहते हैं।
- एक वस्तु के बारे में बताने वाले शब्द को एकवचन कहते हैं।
- अनेक वस्तुओं के बारे में बताने वाले शब्दों को बहुवचन कहते हैं।

**अध्यापन संकेत** शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को एकवचन को बहुवचन में बदलना सिखाएँ तथा उनके बीच के अंतर के आधार पर उनके प्रयोग के तरीके को भी बताएँ।

SAMPLE





# अभ्यास कार्य

## मौखिक कार्य

Speaking Skills

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) किसी वस्तु या प्राणी की संख्या बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

(ख) वचन कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम बताइए।

(ग) एक से अधिक संख्या बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

## लेखन कार्य

Writing Skills

**1. दिए गए चित्रों के नाम और वचन लिखिए।**



नाम ............................
वचन ............................



नाम ............................
वचन ............................



नाम ............................
वचन ............................



नाम ............................
वचन ............................



नाम ............................
वचन ............................



नाम ............................
वचन ............................

**2. दिए गए शब्दों के वचन बदलिए तथा सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

(क) चिड़िया – ☐ चिड़ियें ☐ चिड़ियों ☐ चिड़ियाँ

(ख) हाथी – ☐ हाथीयाँ ☐ हाथियों ☐ अनेक हाथी

SAMPLE

(ग) माता – ☐ मातें ☐ मातों ☐ माताएँ

(घ) कुरसी – ☐ कुरसियों ☐ कुरसिएँ ☐ कुरसिया

**3. दिए गए शब्दों को सही जगह पर रखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बकरी | आँखें | रोटियाँ | माला | गाड़ी | चश्मे |
| नदी | माता | बच्चे | चूहा | खिलौने | जूते |

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| .......................... | .......................... | .......................... | .......................... |
| .......................... | .......................... | .......................... | .......................... |
| .......................... | .......................... | .......................... | .......................... |

**सोचें-विचारें** Critical Thinking

**4. क्या आप आकाश के तारे गिन सकते हैं? सोचकर बताइए।**





SAMPLE

## खेल-खेल में

Brain Storming Activity

**5. दी गई वस्तुएँ आपके घर में कितनी हैं? उनकी संख्या के आधार पर उनके सामने 'एकवचन' या 'बहुवचन' लिखिए–**

| चित्र | संख्या | एकवचन/बहुवचन |
|---|---|---|
|  | ............................ | ............................................ |
|  | ............................ | ............................................ |
|  | ............................ | ............................................ |
|  | ............................ | ............................................ |
|  | ............................ | ............................................ |
|  | ............................ | ............................................ |

### प्रेरणादायक मूल्य

हमारा भारत देश 'एक' है। परंतु, यहाँ 'अनेक' भाषाएँ बोली जाती हैं। यह 'अनेकता' में 'एकता' ही हमारे देश की शक्ति है।

SAMPLE












# सबके नाम ( सर्वनाम )
## (Pronoun)

### पढ़िए और समझिए

**पिंकी** मेरी मित्र है। **पिंकी** के पास एक पालतू तोता है। **पिंकी** के तोते का नाम **मिट्ठू** है। **मिट्ठू** एक बोलने वाला तोता है। **मिट्ठू** को बातें करना और हरी मिर्च खाना अच्छा लगता है। **मिट्ठू** एक समझदार तोता है। **पिंकी** भी **मिट्ठू** को प्यार करती है।



अब दुबारा पढ़िए और अंतर को समझिए–

"पिंकी मेरी मित्र है। **उसके** पास एक पालतू तोता है। **उस** तोते का नाम मिट्ठू है। **वह** एक बोलने वाला तोता है। **उसको** बातें करना और हरी मिर्च खाना अच्छा लगता है। **वह** एक समझदार तोता है। पिंकी भी **उसे** प्यार करती है।

बच्चों! आपने पढ़ा और समझा कि यहाँ पिंकी और मिट्ठू के नाम की जगह **उसको, वह, उसे** शब्द लिखे गए हैं। यही शब्द **सर्वनाम** हैं।

> संज्ञा (नाम) की जगह प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को **सर्वनाम** कहते हैं।

**अध्यापन संकेत** शिक्षक/शिक्षिका कक्षा में बच्चों को सर्वनाम शब्दों से अवगत करवाएँ तथा उनके प्रयोग के तरीके को भी समझाएँ।



SAMPLE

बच्चों! सबके लिए एक जैसे सर्वनाम शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाता। अलग-अलग सर्वनाम शब्द इस प्रकार हैं–

1. **अपने लिए–** मैं, मेरा, मेरी, मुझे, मैंने, हम, हमें, हमारा, हमने आदि।
2. **दूसरों के लिए–** आप, आपका, आपने, वह, वे, उनका, उनके, तुम, तुम्हारा, तुम्हें, यह, ये, इसका, उसका आदि।
3. **छोटों व अपने बराबर वालों के लिए–** तुम, तुम्हारा, तुम्हें, तुमको आदि।
4. **अपने से बड़ों के लिए–** आप, आपका, आपको, आपसे, आपने आदि।

## आइए, पुनरावृति करें

- संज्ञा (नाम) के स्थान पर प्रयोग होने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं। यह, वह, तुम, आप, उसने, उसे, आपको आदि सर्वनाम शब्द के उदाहरण हैं।

## अभ्यास कार्य

### मौखिक कार्य

Speaking Skills

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) 'मैं, हम, तुम, आप, यह, ये, वह, वे' क्या कहलाते हैं?

(ख) तुम, तुम्हें, तुम्हारा शब्दों का प्रयोग किसके लिए किया जाता है?

### लेखन कार्य

Writing Skills

**1. सही विकल्प चुनकर वाक्यों को पूरा कीजिए।**

(क) .............................. साइकिल चलानी आती है। (मैं, मुझे)

(ख) .............................. कौन-सी कक्षा में पढ़ते हैं? (तुम, आप)

(ग) क्या .............................. अंग्रेज़ी बोलनी आती है? (उसने, तुम्हें)

(घ) मम्मी ने .............................. भोजन दिया। (तुम, उसे)



SAMPLE

**2. सर्वनाम शब्दों पर ( ○ ) गोला लगाइए।**

(क) नीरू (अपनी) सहेली के साथ खेल रही है।

(ख) तुम एक अच्छे लड़के हो।

(ग) हमें खेलना अच्छा लगता है।

(घ) उनकी पतंग कट गई।



## सोचें-विचारें

Critical Thinking

3. आप अपने से बड़ों के लिए कौन-से सर्वनाम शब्द का प्रयोग करते हैं?

4. आप छोटे भाई, बहन या मित्र के लिए किस सर्वनाम शब्द का प्रयोग करते हैं?

## खेल-खेल में

Brain Storming Activity

**5. सर्वनाम शब्दों को उनके उचित प्रकार से मिलाइए।**




## प्रेरणादायक मूल्य

सभी बड़ों के लिए 'आप' शब्द का प्रयोग कीजिए।







SAMPLE




# विशेषता बताने वाले शब्द ( विशेषण )
## (Adjective)

### पढ़िए और समझिए



**लाल** सूरज



**लंबा** पेड़



**मोटा** हाथी



**चार** केले



**चतुर** लोमड़ी



**गरम** दूध



**ठंडी** आइसक्रीम



**हरी** कमीज़



**एक** कुर्सी



**गोल** मेज़



**अनेक** पक्षी



**छोटा** बच्चा

बच्चों! आपने देखा और पढ़ा कि चित्रों के साथ लिखे गए रंगीन शब्द उन वस्तुओं या प्राणियों की **विशेषता** बता रहे हैं।

**अध्यापन संकेत** शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को विशेषण शब्दों की पहचान करना सिखाएँ।

SAMPLE

**उदाहरण–** ठंडी आइसक्रीम



नाम – आइसक्रीम

विशेषता – ठंडी

उपरोक्त चित्र में आइसक्रीम नाम (संज्ञा) शब्द है, परंतु आइसक्रीम ठंडी है। अतः **ठंडी** शब्द आइसक्रीम की विशेषता है।

**विशेषण** शब्द बताते हैं कि कोई चीज़ कैसी है और कितनी है?

## आइए, पुनरावृति करें

- विशेषण शब्द किसी वस्तु की विशेषता को बताते हैं।
- हरा, लाल, ठंडा, गरम, दस, पाँच, दो लीटर आदि विशेषण शब्द के उदाहरण हैं।

## अभ्यास कार्य

### मौखिक कार्य

Speaking Skills

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताएँ।**

(क) मोटा बच्चा, लाल गुलाब में विशेषण शब्द बताइए।
(ख) आपके अध्यापक कैसे हैं?
(ग) आपकी कक्षा में कितनी लड़कियाँ हैं?



### लेखन कार्य

Writing Skills

**1. विशेषता बताने वाले शब्द चुनिए और रिक्त स्थान में लिखिए।**

(क) मेरे पास पाँच पुस्तकें हैं। ....................................................









SAMPLE

(ख) पाँच किलो आटा लाओ। ..............................................

(ग) मीठे आम खाओ। ..............................................

(घ) गुलाब सुंदर तथा लाल है। ..............................................

**2. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

(क) 'कैसा और कितना' बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

☐ विशेषण ☐ संज्ञा ☐ सर्वनाम ☐ वचन

(ख) "पीले फूलों पर तितलियाँ बैठी हैं।" इस वाक्य में विशेषण शब्द बताइए।

☐ तितलियाँ ☐ बैठी ☐ फूलों ☐ पीले

(ग) "उसे मीठा आम खाना अच्छा लगता है।" इस वाक्य में विशेषण शब्द बताइए।

☐ खाना ☐ आम ☐ मीठा ☐ उसे

**3. दी गई विशेषताओं को सही चित्र से मिलाते हुए संज्ञा से मिलाइए।**

| विशेषता | चित्र | संज्ञा ( नाम ) |
|---|---|---|
| (क) लाल |  | (i) लोमड़ी |
| (ख) मीठा |  | (ii) चिड़ियाँ |
| (ग) चार |  | (iii) तरबूज |
| (घ) पका |  | (iv) आम |
| (ङ) चालाक |  | (v) गुलाब |

SAMPLE

## सोचें-विचारें

Critical Thinking

**4. आप अपनी कोई चार विशेषताएँ लिखिए।**

(क) मैं ........................................................................................ हूँ।

(ख) मैं ........................................................................................

(ग) मेरा ........................................................................................

(घ) मैं ........................................................................................

## खेल-खेल में

Brain Storming Activity

**5. अपने माता-पिता के चित्र चिपकाइए और उनकी चार-चार विशेषताएँ लिखिए।**

**मेरी माँ**

........................................................................................

........................................................................................

........................................................................................

........................................................................................

**मेरे पिता**

........................................................................................

........................................................................................

........................................................................................

........................................................................................

### प्रेरणादायक मूल्य

हमारी अच्छी आदतें, गुण और अच्छा व्यवहार ही हमारी विशेषता बताते हैं।

SAMPLE








# आओ, कुछ काम करें (क्रिया)
## (Verb)

### पढ़िए और समझिए


पढ़ना


लिखना


खेलना


सोचना


हँसना


रोना


उठना


बैठना


देखना


बोलना


सोना


जागना


दौड़ना


तैरना


उड़ना


कूदना

सभी चित्रों में कुछ-न-कुछ काम हो रहे हैं। कुछ काम किए जाते हैं और कुछ काम अपने आप हो जाते हैं; जैसे–

- नानी स्वेटर बुन रही हैं। (काम किया जा रहा है।)
- बारिश हो रही है। (काम अपने आप हो रहा है।)

**काम का करना या होना ही क्रिया कहलाता है।**

**अध्यापन संकेत** शिक्षक/शिक्षिका कक्षा में बच्चों को प्रतिदिन होने वाली कुछ क्रियाओं के संबंध में बताएँ तथा पाठ को सरल तरीके से समझाएँ।

SAMPLE









## आइए, पुनरावृति करें

- जिन शब्दों से किसी काम को करने या होने का पता चले, उन्हें क्रिया कहते हैं।
- पढ़ना, लिखना, हँसना, बोलना, खाना, चलना आदि सभी क्रियाएँ हैं।

## अभ्यास कार्य

### मौखिक कार्य

Speaking Skills



**दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) किसी काम के करने या होने को क्या कहते हैं?

(ख) आपका सबसे ज्यादा मन किस काम में लगता है?

### लेखन कार्य

Writing Skills

**1. सही विकल्प चुनकर वाक्यों को पूरा कीजिए।**

चला    दिखाई    चहचहा    उठती    निकलता



(क) पेड़ पर चिड़िया ............................ रही है।

(ख) सूरज पूरब से ............................ है।

(ग) तारे रात को ............................ देते हैं।

(घ) सचिन साइकिल ............................ रहा है।

(ङ) नीरू सुबह जल्दी ............................ है।

**2. वाक्यों में क्रिया शब्दों को पहचानिए और लिखिए।**

| वाक्य | क्रिया |
|---|---|
| (क) संजय बाज़ार गया। | गया |
| (ख) राधा ने फूल तोड़ा। | .................... |



SAMPLE

(ग) पेड़ से फल गिरा। ....................

(घ) अँधेरा हो गया। ....................

(ङ) नीटू खाना खा रहा है। ....................

## 3. दिए गए शब्दों में से क्रिया शब्द छाँटकर लिखिए।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चलना | पढ़ना | राहुल | सोचना | कार | खेलूँगा | चलो | पीला |
| रोना | खाना | बाँसुरी | दौड़ना | उड़ना | किताब | विद्यालय | |

**क्रिया शब्द**

.............................. .............................. ..............................

.............................. .............................. ..............................

.............................. .............................. ..............................

**सोचें-विचारें** Critical Thinking

4. ऐसे कौन-कौन से काम हैं, जो हमें नहीं करने चाहिए?

**खेल-खेल में** Brain Storming Activity

## 5. आपके द्वारा प्रतिदिन किए जाने वाले कार्यों की सूची बनाइए।

1. ........................................................................................................
2. ........................................................................................................
3. ........................................................................................................
4. ........................................................................................................
5. ........................................................................................................

**प्रेरणादायक मूल्य**

- अपने सभी कार्य स्वयं करने का प्रयत्न कीजिए।
- घर के कामों में अपने माता-पिता की सहायता कीजिए।

SAMPLE











अध्याय 11

# समान अर्थ वाले शब्द ( पर्यायवाची ) (Synonyms)

## पढ़िए और समझिए



माँ, जननी, माता



पक्षी, पंछी, खग



उपवन, बाग, बगीचा



पृथ्वी, भूमि, धरती



पहाड़, पर्वत, गिरि



आँख, नेत्र, नयन



बेटा, सुत, लड़का



पानी, जल, नीर



हवा, वायु, पवन

बच्चों! आपने देखा और पढ़ा कि एक ही चित्र के कई नाम दिए गए हैं।

SAMPLE



अलग-अलग नाम होने पर भी एक ही वस्तु का पता चल रहा है। इन शब्दों को **समान अर्थ वाले शब्द** या **पर्यायवाची** शब्द कहते हैं।

> अतः वे शब्द जो समान अर्थ को बताते हैं, उन्हें **समानार्थी** या **पर्यायवाची** शब्द कहते हैं।

नीचे कुछ समान अर्थ वाले शब्द दिए गए हैं। इन्हें पढ़िए और समझिए–

| शब्द | | समान अर्थ वाले शब्द | शब्द | | समान अर्थ वाले शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| चाँद | – | चंद्रमा, शशि | सूरज | – | सूर्य, रवि |
| दिन | – | दिवस, वार | फूल | – | पुष्प, सुमन |
| पेड़ | – | वृक्ष, तरु | हवा | – | वायु, पवन |
| बादल | – | मेघ, घन | पुत्र | – | बेटा, सुत |
| घर | – | गृह, आलय | औरत | – | नारी, महिला |
| मित्र | – | दोस्त, सखा | भगवान | – | ईश्वर, परमेश्वर |

## आइए, पुनरावृति करें

- एक वस्तु, स्थान, प्राणी आदि के कई नाम हो सकते हैं।
- समान अर्थ बताने वाले शब्द पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं।

**अध्यापन संकेत** शिक्षक/शिक्षिका कक्षा में बच्चों को समान अर्थ वाले शब्दों को रोचकता के साथ पढ़ाएँ ताकि बच्चे पाठ से जुड़ाव महसूस कर सकें।

SAMPLE







# अभ्यास कार्य

## मौखिक कार्य

Speaking Skills

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) आप अपने अध्यापक को और किस नाम से बुलाते हैं?

(ख) 'विद्यालय' और 'घर' शब्दों के दो-दो नाम बताइए।

## लेखन कार्य

Writing Skills

**1. बच्चो! बताइए कि इन्हें और किस नाम से बुलाते हैं?**

(क) विद्यार्थी – ..............................  (ख) आदमी – ..............................

(ग) अध्यापक – ..............................  (घ) पुस्तक – ..............................

(ङ) कलम – ..............................  (च) पिता – ..............................

**2. दिए गए शब्दों में से समान अर्थ वाले शब्द लिखिए।**

किताब बारिश आसमान दोस्त वानर पुष्प पर्वत हस्त

(क)  फूल – ..................  (ख)  मित्र – ..................

(ग)  हाथ – ..................  (घ)  बंदर – ..................

(ङ)  वर्षा – ..................  (च)  पुस्तक – ..................

(छ)  आकाश – ..................  (ज)  पहाड़ – ..................

SAMPLE

## 3. दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्दों पर गोला ( ○ ) लगाइए।

| | शब्द | समानार्थी |
|---|---|---|
| (क) | चाँद | चंद्र, रवि |
| (ख) | आँख | पलक, नेत्र |
| (ग) | पुत्र | शिष्य, बेटा |
| (घ) | धरती | मैदान, भूमि |
| (ङ) | पानी | नल, जल |





### सोचें-विचारें

Critical Thinking

**4.** दिए गए चित्रों को देखकर उनके दो-दो नाम लिखिए।

(क)



........................ ........................

(ख)



........................ ........................

(ग)



........................ ........................

(घ)



........................ ........................

SAMPLE







खेल-खेल में

Brain Storming Activity

**5. बिंदुओं को मिलाते हुए चित्र को पूरा कीजिए और रंग भरिए। रिक्त स्थान में चित्र का नाम और इसके दो समानार्थी शब्द लिखिए।**



नाम .............................. 1. .............................. 2. ..............................

## प्रेरणादायक मूल्य

- बातचीत में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करना चाहिए।
- सदैव अच्छे शब्दों का प्रयोग कीजिए।

SAMPLE




# उल्टे अर्थ वाले शब्द ( विलोम )
## (Antonyms)

### पढ़िए और समझिए

   

लड़का × लड़की  मोटा × पतला

   

दिन × रात  गरम × ठंडा

   

बड़ा × छोटा  मीठा × खट्टा

बच्चों! ऊपर दिए गए चित्रों में लड़का-लड़की, मोटा-पतला, दिन-रात, बड़ा-छोटा आदि शब्द एक-दूसरे का उल्टा अर्थ बता रहे हैं। अत: **जो शब्द एक-दूसरे का उल्टा अर्थ बताएँ, उन्हें** **विलोम शब्द** कहते हैं।

SAMPLE






आइए, कुछ और उल्टे अर्थ वाले शब्दों को जानें–

| शब्द | | विलोम शब्द | शब्द | | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| रात | × | दिन | आकाश | × | पाताल |
| काला | × | सफ़ेद | उल्टा | × | सीधा |
| छोटा | × | बड़ा | पास | × | दूर |
| ऊँच | × | नीच | लाभ | × | हानि |
| ऊपर | × | नीचे | एक | × | अनेक |
| अच्छा | × | बुरा | हँसना | × | रोना |
| आना | × | जाना | सरल | × | कठिन |
| धूप | × | छाँव | धरती | × | आकाश |
| नया | × | पुराना | सूखा | × | गीला |

SAMPLE

**अध्यापन संकेत** शिक्षक/शिक्षिका कक्षा में बच्चों को विलोम शब्दों को उदाहरण के द्वारा समझाएँ।



## आइए, पुनरावृति करें

- एक-दूसरे का उल्टा अर्थ बताने वाले शब्दों को विलोम शब्द कहते हैं।

## अभ्यास कार्य

### मौखिक कार्य

Speaking Skills

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) उल्टा अर्थ बताने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?

(ख) 'ठंडा' का विलोम शब्द क्या होगा?



### लेखन कार्य

Writing Skills

**1. दिए गए वाक्यों में रंगीन शब्दों के विलोम लिखकर खाली स्थान भरिए।**

(क) **बाहर** मत बैठो, .................................. आ जाओ।

(ख) **निडर** बनो, .................................. नहीं।

(ग) **अच्छाई** को अपनाओ, .................................. को नहीं।

(घ) राजा **सो** गया है और रानी .................................. रही है।

**2. उचित विलोम शब्दों का मिलान कीजिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अपना | झूठ | महँगा | जवान |
| सरल | उत्तर | बूढ़ा | चढ़ना |
| सच | पराया | उतरना | ज़्यादा |
| सही | कठिन | थोड़ा | उल्टा |
| प्रश्न | गलत | सीधा | सस्ता |

SAMPLE







**3. दिए गए उचित विलोम शब्दों पर ( ○ ) गोला लगाइए।**

| शब्द | | विकल्प | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) अंदर | – | बाहर | ऊपर | नीचे |
| (ख) काला | – | सुंदर | हरा | सफ़ेद |
| (ग) पास | – | दिवस | सुबह | दूर |
| (घ) छोटा | – | लघु | मोटा | बड़ा |
| (ङ) नया | – | नवीन | पुराना | ताज़ा |

**4. उचित विलोम शब्द की पहचान कर ( ✓ ) और ( ✗ ) का चिह्न लगाइए।**

राजा →
- रंक ☐
- सेवक ☐
- दासी ☐



आकाश →
- आसमान ☐
- धरा ☐
- पाताल ☐

**सोचें-विचारें**

Critical Thinking

5. तीन अक्षर का मेरा नाम,

उल्टा-सीधा एक समान।

बोलो क्या?

.................................







SAMPLE

## खेल-खेल में

Brain Storming Activity

**6. दिए गए प्रत्येक फूल पर विलोम शब्दों का जोड़ा लिखा हुआ है। इनमें से सही जोड़े वाले फूलों में रंग भरिए।**

- छोटा-लंबा
- सच-झूठ
- हँसना-रोना
- धूप-शाम
- खट्टा-मीठा
- आधा-अधूरा
- अच्छा-बुरा
- सुबह-प्रातः
- ठंडा-गरम

SAMPLE

### प्रेरणादायक मूल्य

जीवन में सुख-दुख, अच्छी-बुरी हर तरह की परिस्थितियाँ आती हैं। हमें समझदारी के साथ उनका सामना करना चाहिए।



# गिनती सीखें
(केवल पठन हेतु)

**पढ़िए और समझिए**

## हिंदी गिनती

बच्चों! हिंदी हमारी मातृभाषा है। अतः हमें अंग्रेज़ी की गिनती के साथ-साथ हिंदी की गिनती का ज्ञान होना भी आवश्यक है।

**गिनती** वस्तुओं को गिनने के काम आती है। यह हमें वस्तुओं की संख्या के बारे में बताती है।

हिंदी में गिनती दो प्रकार से लिखी जाती है–

1. अंकों में
2. शब्दों में



आइए, हिंदी में गिनती लिखना सीखें–

| अंग्रेज़ी अंक | हिंदी अंक | हिंदी शब्द | गिनकर देखिए |
|---|---|---|---|
| 1 | १ | **एक** |  |
| 2 | २ | **दो** |  |

SAMPLE



| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | ३ | **तीन** |  |
| 4 | ४ | **चार** |  |
| 5 | ५ | **पाँच** |  |
| 6 | ६ | **छह** |  |
| 7 | ७ | **सात** |  |
| 8 | ८ | **आठ** |  |
| 9 | ९ | **नौ** |  |
| 10 | १० | **दस** |  |

SAMPLE









अध्याय 13

# चित्र-वर्णन
## (Picture-Description)

**पढ़िए और समझिए**

किसी चित्र को देखकर उसके बारे में लिखना, बोलना या बताना चित्र-वर्णन कहलाता है।




राधिका हाथ में थैला पकड़े हुए है। वह सब्ज़ी लेने दुकान पर खड़ी है।




राधिका ने दुकान से सब्ज़ी खरीदी। घर लौटते वक्त रास्ते में उसे उसकी सहेली शीतल मिल गई।



दोनों कुछ देर बातें करने लगीं। फिर राधिका सब्ज़ी लेकर घर आ गई।

SAMPLE

# अभ्यास कार्य

## लेखन कार्य

Writing Skills

**1. दिए गए चित्रों को ध्यानपूर्वक देखिए और उनका वर्णन कीजिए।**

(क)



SAMPLE

(ख)



(ग)




SAMPLE



# पहेलियाँ
(केवल पठन हेतु)

## बूझो तो जानें-

कमर है पतली पैर सुहाने
गए होंगे कहीं बीन बजाने।





अंधे मुझको नहीं जानते
काने कुछ-कुछ पहचाने
दिखाई जिनको देता कम
वे सारे मेरे दीवाने।

मैं बोल नहीं पाती
मैं सुन नहीं पाती
आँख नहीं है एक भी
पर सबको राह दिखाती।



बटन दबाते ही जो
गुणा-भाग का करे सवाल
देखो बच्चो विज्ञान का
है न बढ़िया कमाल।

ऊपर से तो हूँ मैं हरा
अंदर से हूँ लाल
बड़ा मीठा, रस भरा
चिकनी-मोटी मेरी खाल।






उत्तर-1. मच्छर 2. चश्मा 3. किताब 4. कैलकुलेटर 5. तरबूज









SAMPLE




# कहानी-लेखन
## (Story Writing)



### पढ़िए और समझिए

**बच्चों! क्या आपने किसी से कहानी सुनी है? आइए, जानें कहानी कैसी होती है?**

## चींटी और कबूतर

एक  नदी के किनारे पानी पी रहा था। उसने देखा कि एक  पानी में बही जा रही है।  जल्दी से एक  ले आया। उसने  को  के आगे पानी में डाल दिया।   को देखकर उस पर चढ़ गई।  धीरे-धीरे किनारे पर पहुँच गई और  की जान बच गई। फिर एक दिन   पर बैठा था। तभी एक   लेकर आया और उस पर निशाना लगाने लगा।  ने  को निशाना लगाते हुए देख लिया। उसने  के पैर पर चढ़कर उसे ज़ोर से काटा।  के काटने से  का निशाना चूक गया और  की आवाज़ सुनकर  उड़ गया। इस प्रकार  ने  की जान बचा ली।

**सीख-** विपरीत समय में हमें एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए।

> किसी घटना अथवा किसी पहलू को रोचक तरीके से वर्णित करना ही **कहानी-लेखन** कहलाता है।

SAMPLE







## चित्रों को ध्यानपूर्वक देखकर दिए गए शब्दों की सहायता से कहानी पूरी कीजिए-

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सोते | शेर | चूहा | पंजे | फंस | कूदने | तरस | जाल | राजा शिकारी |
| दहाड़ने | साथियों | जाग | माफ़ी | मुसीबत | दोस्ती | दाँतों | कुतर | आज़ाद धन्यवाद |



एक जंगल में पेड़ के नीचे एक .............. सो रहा था। शेर को .............. देख एक .............. शेर के पेट पर .............. लगा। इतने में शेर .............. गया। उसने चूहे को अपने .............. में पकड़ लिया। घबराया चूहा शेर से .............. माँगने लगा। शेर को चूहे पर .............. आ गया। उसने चूहे को छोड़ दिया। चूहे ने कहा – " हे जंगल के .............. ! कभी आप पर

.............. आई, तो मैं अपनी .............. निभाऊँगा।" शेर हँस पड़ा। कुछ दिनों बाद जंगल में एक .............. आया। उसने .............. फैलाया। शेर उस जाल में .............. गया। मुसीबत में फँसा शेर .............. लगा। शेर की दहाड़ सुन कर चूहा भागता हुआ उस स्थान पर पहुँचा। उसने तुरंत अपने .............. को आवाज़ दी। सभी चूहों ने अपने .............. से जाल को .............. दिया। अब शेर जाल से .............. हो गया। उसने सभी चूहों का .............. किया।

**शिक्षाः** दोस्ती की पहचान मुसीबत में होती है।

SAMPLE

# अभ्यास कार्य

## लेखन कार्य

Writing Skills

**1. दिए गए शब्दों को आधार बनाकर कहानी लिखिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| लोमड़ी | अंगूर | भूख | खट्टे | भटकने लगी |
| लंबी छलांग | धड़ाम से | ज़मीन पर | हाट | पूरी ताकत |
| मीठी खुशबू | बाग | सरदार | अफसोस | नाकामयाब |



..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

**नोट:** शिक्षक/शिक्षिका इस कहानी को लिखने में बच्चों की सहायता करें।

SAMPLE

# स्वमूल्यांकन पत्र-1

नाम : ................................ कक्षा : ........................ अनुक्रमांक : ............

**1. दिए गए वाक्यों को पढ़कर सही विकल्प के सामने ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

(क) बोलना, सुनना, लिखना और पढ़ना क्या कहलाता है?

☐ वर्ण ☐ संज्ञा ☐ सर्वनाम ☐ भाषा

(ख) वर्णों के एक निश्चित क्रम को क्या कहते हैं?

☐ शब्दमाला ☐ वर्णमाला ☐ वर्णअक्षर ☐ दीपमाला

(ग) वर्णमाला के वर्ण मिलकर क्या बनाते हैं?

☐ शब्द ☐ वाक्य

☐ भाषा ☐ इनमें से कोई नहीं

(घ) अनेक वस्तुओं के बारे में बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

☐ एकवचन ☐ बहुवचन ☐ अन्यवचन ☐ सत्यवचन

(ङ) लड़की या स्त्री जाति को बताने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?

☐ पुल्लिग ☐ स्त्रीलिंग ☐ उभयलिंग ☐ चतुर्लिंग

**2. स्वरों को उचित क्रम में लिखिए।**

ओ ऐ ऊ इ आ ऋ ई अं अ ए उ औ

............... ............... ............... ............... ............... ...............

............... ............... ............... ............... ............... ...............

SAMPLE









## 3. 'इ' और 'ई' की मात्रा वाले तीन-तीन शब्द लिखिए।

| 'इ' की मात्रा वाले शब्द | 'ई' की मात्रा वाले शब्द |
|---|---|
| .................................... | .................................... |
| .................................... | .................................... |
| .................................... | .................................... |

## 4. लिंग बदल कर लिखिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लड़का | – | .......................... | भाई | – | .......................... |
| हाथी | – | .......................... | राजा | – | .......................... |
| पिता जी | – | .......................... | अध्यापक | – | .......................... |
| नानी | – | .......................... | नौकर | – | .......................... |
| मालिन | – | .......................... | दादी | – | .......................... |

## 5. दिए गए शब्दों को खाली स्थान में लिखिए।

वर्णमाला    पुल्लिंग    संज्ञा    वाक्य    वचन

(क) नाम वाले शब्दों को कहते हैं। ..........................

(ख) जो शब्द पुरुष जाति के बारे में बताएँ उन्हें कहते हैं। ..........................

(ग) शब्दों के उचित मेल से बनता है। ..........................

(घ) जो शब्द किसी वस्तु या प्राणी की संख्या बताता है उसे .................. कहते हैं।

(ङ) स्वरों और व्यंजनों को मिलाकर .......................... बनती है।

SAMPLE







# स्वमूल्यांकन पत्र-2

नाम : ................................ कक्षा : ........................ अनुक्रमांक : ............

**1. दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्दों पर ( ○ ) गोला लगाइए।**

(क) मुझे खेलना अच्छा लगता है।

(ख) आपके विद्यालय का क्या नाम है?

(ग) क्या तुम्हें भूख लगी है?

(घ) उसके पिता जी उसे पढ़ा रहे हैं।

(ङ) यह हमारा घर है।

**2. खाली स्थानों में अपना परिचय देते हुए अपनी कुछ विशेषताओं को लिखिए।**

(क) ....................................................................................................

(ख) ....................................................................................................

(ग) ....................................................................................................

(घ) ....................................................................................................

(ङ) ....................................................................................................

(च) ....................................................................................................

**3. दिए गए चित्रों के दो-दो नाम लिखिए।**



..........................

..........................



..........................

..........................




..........................

..........................



..........................

..........................



..........................

..........................



..........................

..........................

SAMPLE

**4. दिए गए गिनती के अंकों और शब्दों का सही मिलान कीजिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | छह | 2 | आठ |
| 6 | तीन | 8 | दस |
| 7 | एक | 5 | दो |
| 4 | सात | 9 | पाँच |
| 3 | चार | 10 | नौ |

**5. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

नया × ............................ हँसना × ............................

काला × ............................ उल्टा × ............................

धरती × ............................ ऊँचा × ............................

**6. दिए गए चित्रों को देखकर 'एक या अनेक' शब्द लिखिए।**


.................................


.................................


.................................


.................................


.................................


.................................

SAMPLE





